कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-29.02.2024

थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा शातिर वाहन चोर समीर उर्फ अब्बास गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 अदद मोपेड बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम, चोरी/लूट की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त 1-समीर उर्फ अब्बास पुत्र मो0 सगीर निवासी C-15/01 गुलाब बाग पार्क (मुस्लिम इण्टर कालेज के पास) लल्लापुरा, थाना-सिगरा जनपद-वाराणसी को आज दिनांक-29.02.2024 को समय करीब 09.10 बजे सुबह पिसौर पुल थाना लोहता कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 अदद मोपेड को बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-023/2024 धारा 411/414 भा0द0वि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ- अभियुक्त समीर उर्फ अब्बास ने पूछताछ करने पर बताया कि यह मोटर साईकिल(मोपेड) मैने गोदौलिया के पास से चोरी किया है तथा इसका नंबर प्लेट हटाकर मै अपने काम के लिए इसका इस्तमाल करता हूँ। आज आप लोगों के द्वारा चेकिंग के दौरान मै पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

समीर उर्फ अब्बास पुत्र मो0 सगीर निवासी C-15/01 गुलाब बाग पार्क (मुस्लिम इण्टर कालेज के पास) लल्लापुरा, थाना-सिगरा जनपद-वाराणसी, उम्र करीब 19 वर्ष।

बरामदगी का विवरण- चोरी की 01 अदद TVS मोटर XL सुपर (मोपेड) रंग काला व चेचिस नं0-MD621BD19A1G84591 बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0-023/2024 धारा 411/414 भा0द0वि0 थाना लोहता कमि0 वाराणसी।

2.मु0अ0सं0-076/2023 धारा 294/323 भा0द0वि0 थाना लक्सा कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.उ0नि0 विशाल कुमार सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

2.हे0का0 अजय राय थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

3.हे0का0 प्रवीण सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

4.का0 अजीत कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी